तापमान
अधिकतम 26.3 डिग्री
न्यूनतम 7.9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, रविवार, 23 फरवरी 2025



13 गौ, ब्राह्मण, नारी और धर्म की रक्षा हमारा परमधर्म ...





14 कांग्रेस ट्विट करने वाली पार्टी, हम जनता के ...





27 years of Excellence in Education

RPS GROUP OF SCHOOLS
Under the aegis of RPS Education Society, M/Garh

Staying Ahead of the Curve
Elevating Success with Every Result

Celebrating outstanding **JEE MAIN RESULT-2025** (Session-I)



100 %ILE PHYSICS

100 %ILE PHYSICS

HARSHI
D/o Sh. YOGESH KUMAR

HARYANA TOPPERS

ANUJ
S/o Sh. RAMCHANDER

99.5%ile & Above **22**

98%ile & Above **86**

95%ile & Above **171**

**SCHOLARSHIP** Cum **ADMISSION TEST**


Only for **Class- XI** (2025-26)
MED. /NON-MED. · COMMERCE · HUMANITIES

Sunday, 23rd March 2025
at 10:00AM @ All RPS Branches


Limited Seats




| | | |
|---|---|---|
| HARSHI | D/o Sh. YOGESH KUMAR | 99.986%ILE |
| CHHAVI YADAV | D/o Sh. PRADEEP YADAV | 99.91%ILE |
| PIYUSH | S/o Sh. NARENDER | 99.86%ILE |
| SUJAL | S/o Sh. SATPAL | 99.85%ILE |
| HARSHIT RAY | S/o Sh. SUBHRA PRAKASH | 99.80%ILE |
| PRANAV KUMAR | S/o Sh. CHHOTU RAM | 99.78%ILE |
| ISHAN AFRIA | S/o Sh. NARENDER KUMAR | 99.78%ILE |
| RHYTHM | S/o Sh. KAVINDER | 99.77%ILE |
| GUNADITYA SANDHU | S/o Sh. NITESH SANDHU | 99.77%ILE |
| DIVYANSHI TEWATIA | D/o Sh. DINESH TEWATIA | 99.77%ILE |
| PRIYANSHU | S/o Sh. DINESH KUMAR | 99.75%ILE |



| | | |
|---|---|---|
| CHITVAN MOOL RAO | S/o Sh. PRADEEP YADAV | 99.75%ILE |
| KRISH | S/o Sh. AMIT KUMAR | 99.74%ILE |
| ANUJ | S/o Sh. RAMCHANDER | 99.69%ILE |
| YASHIKA | D/o Sh. MUKUT AGGARWAL | 99.60%ILE |
| LALIT | S/o Sh. SATISH KUMAR | 99.59%ILE |
| SUMEET PAHEL | S/o Sh. DEVENDER SINGH | 99.55%ILE |
| SHRUTI | D/o Sh. RAVINDER | 99.52%ILE |
| KRISH | S/o Sh. JITENDER | 99.52%ILE |
| KARTIK | S/o Sh. SUKARAM PAL | 99.52%ILE |
| MANYU YADAV | S/o Sh. RAVINDER YADAV | 99.51%ILE |
| DIVITYA GARG | S/o Sh. PARDEEP | 99.51%ILE |



| | | |
|---|---|---|
| VANSH | S/o Sh. ASHOK KUMAR | 99.46%ILE |
| SHUBHAM VERMA | S/o Sh. GAURAV VERMA | 99.46%ILE |
| VIVAAN RAO | S/o Sh. LALIT KUMAR | 99.42%ILE |
| VINAY | S/o Sh. SURENDER | 99.42%ILE |
| SHREYANSH RAWAT | S/o Sh. SANJAY SINGH RAWAT | 99.38%ILE |
| LAKSHIKA | D/o Sh. ASHUTOSH | 99.38%ILE |
| ANUSHREE SHARMA | D/o Sh. SUNIL DUTT SHARMA | 99.37%ILE |
| DIVYAM | S/o Sh. ANIL KUMAR | 99.35%ILE |
| SIDDHARTH | S/o Sh. DHIR SINGH | 99.34%ILE |
| DEEPANSHU | S/o Sh. BHIM SINGH | 99.34%ILE |
| MANAS JHA | S/o Sh. AMRENDRA KR. JHA | 99.32%ILE |
| MANAV CHOUDHARY | S/o Sh. SANJAY CHOUDHARY | 99.29%ILE |



| | | |
|---|---|---|
| GULSHAN KUMAR | S/o Sh. PAWAN SINGH | 99.29%ILE |
| ANKIT GAUTAM | S/o Sh. KULDEEP KUMAR | 99.29%ILE |
| NIKHIL | S/o Sh. OMPAL | 99.26%ILE |
| RIJUL | S/o Sh. RAJESH BATRA | 99.20%ILE |
| PRIYANSHU | S/o Sh. SUDESH | 99.19%ILE |
| MOHIT YADAV | S/o Sh. RAKESH KUMAR | 99.15%ILE |
| RENIT RAO | S/o Sh. VIKAS YADAV | 99.14%ILE |
| PRIYANSHU | S/o Sh. KARAN SINGH | 99.14%ILE |
| GAURAV SANGWAN | S/o Sh. PARTIPAL | 99.03%ILE |
| SAMARTH | S/o Sh. VINOD KR. | 99.00%ILE |
| REETU YADAV | D/o Sh. PARMOD KUMAR | 99.00%ILE |
| HARMEET KHURANA | S/o Sh. SANJEEV KR. | 99.00%ILE |

HAND-HOLDING FOR A BRIGHTER FUTURE **DROPPER BATCH** INITIATED AT **MAHENDERGARH** FOR **NEET /JEE** ASPIRANTS

**Our Campuses:** **Mahendergarh** Ph.:01285-222645, 9416150201 | **Rewari** Ph.:8222000359 | **Rewari City** Ph.:9053555526 | **Dharuhera** Ph.:9467064534 | **Kosli** Ph.:9255148141 | **Behror** Ph.:9529678004 | **Hansi** Ph.:9813196969, 9896100407 | **Narnaul** Ph.: 8198976666 | **Hisar** Ph.:8307760465 | **Gurugram Sec.-50** Ph.:8409989898, 7827466258 | **Gurugram Sec.-89** Ph.:8222999182 | **Karnal** Ph.:8398000304/06 | **Dharuhera Campus-2** Ph.: 01274-295 925/824, 09257133925 | **Rohtak** Ph.: 7419998800 | **Dadri** Ph.: 8222048283, 84 | **Kanina** Ph.9350693853, 9671720807 | **Gurugram, Sec.-50, Rosewood Campus-2:** Ph.: 70424 96986

Web.: www.rpsgroup.edu.in

Top-Notch **Hostel Accommodation** for **Boys and Girls** at **M/GARH, KANINA, BEHROR, KOSLI** & **HANSI** CAMPUSES

## खबर संक्षेप

### मोबाइल हैक कर खाते से निकाले 25 हजार

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने मॉडल कॉलोनी निवासी शुभम अग्रवाल के खाते से 25 हजार रुपये उड़ा लिए। शुभम का कहना है कि ठगों ने उसका मोबाइल हैक कर गूगल पे के माध्यम से रुपये निकाले हैं। आठ फरवरी को वह सालासर बाला जी मंदिर में माथा टेकने के लिए गया था। वहां पर दर्शन कर शाम को वापस आने के बाद मोबाइल चेक किया तो उस पर खाते से रुपये निकलने के संदेश आए थे। खाते का बकाया जांचा तो खाते से 25 हजार रुपये गायब थे।

### शादी का झांसा देकर छात्रा को किया अगवा

**यमुनानगर।** शहर के कॉलेज में पढ़ने वाली 19 वर्षीय छात्रा को एक युवक शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया। परिजनों ने घर से सोने व चांदी के आभूषण तथा 35 हजार रुपये गायब मिले। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 19 वर्षीय लड़की शहर के एक कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी।

### अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत

**यमुनानगर।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार उधमगढ़ की माजरी निवासी अश्विनी कुमार ने बताया कि वह समता योग आश्रम के पास चाय की दुकान करता है। उसके पिता ओमप्रकाश भी चाय की दुकान पर ही कार्य करते थे।

### विदेश भेजने के नाम पर महिला से हड़पे 30 लाख

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर शहर की चौधरी कॉलोनी निवासी प्रियंका से 30 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप जतिन, निरंकार, चरणजीत कौर, जगजीत सिंह व सुखविंदर सिंह पर लगा है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की चौधरी कॉलोनी निवासी प्रियंका ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहती थी।

### गंडासी से हमला कर युवक को किया घायल

**यमुनानगर।** जगाधरी के बूड़िया चौक के पास सिगरेट पी रहे युवक पर कार सवार चार-पांच युवकों ने गंडासी से हमला कर घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। शहर जगाधरी थाना पुलिस ने दो युवकों को नामजद करते हुए तीन अन्य पर केस दर्ज किया है। ग्रीन विहार कॉलोनी निवासी सुधीर कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शाम को वह अपने दोस्त दुर्गा गार्डन निवासी शुभम, सोनू व केसर नगर निवासी विकास के साथ अपने काम से गया था। रात करीब 12 बजे उसके दोस्त उसे कार में घर छोड़ने आ रहे थे। रास्ते में बूड़िया चौक के पास वह सिगरेट लेने के लिए रुक गए।

---

### रोड शो में जनता से भाजपा प्रत्याशियों को आशीर्वाद देने की मांग

# प्रदेश के निकाय चुनावों में ट्रिपल इंजन की मजबूत सरकार बनेगी : नायब सैनी

**हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यमुनानगर में मेयर और भाजपा पार्षद उम्मीदवारों के पक्ष में किया रोड शो, मुख्यमंत्री सैनी व मेयर उम्मीदवार समेत अन्य पार्षद प्रत्याशियों ने प्राचीन श्रीदेवी मंदिर में पूजा-अर्चना की**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। रोड शो निकालते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में ट्रिपल इंजन की मजबूत सरकार बनेगी। निकाय चुनाव में प्रदेश की जनता का पूरा समर्थन भाजपा के साथ है। उन्होंने उक्त शब्द शनिवार को यमुनानगर में मेयर पद की उम्मीदवार समेत अन्य पार्षद उम्मीदवारों के पक्ष में रोड़ शो निकाला। इस दौरान रोड़ शो में जनता की भारी भीड़ जुटी। खास बात यह रही कि रोड़ शो के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उम्मीदवारों समेत शहर के प्राचीन श्री देवी मंदिर, खेड़ा मंदिर समेत अन्य धार्मिक स्थलों में पूजा अर्चना कर आर्शीवाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ है। निकाय चुनाव में ट्रिपल इंजन की मजबूत सरकार हरियाणा में बनने जा रही है। भाजपा सरकार ने हमेशा विकास और जनकल्याण को प्राथमिकता दी है। भाजपा की सरकार हर वर्ग के हितों की रक्षा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने दावा जताया कि निकाय चुनाव में भाजपा की मेयर पद की प्रत्याशी सुमन बहमनी और 22 वार्डों के सभी पार्षद प्रत्याशी बड़े मार्जिन से जीत दर्ज करेंगे। इस दौरान रोड़ शो का शुभारंभ शहर के वार्ड नंबर एक से किया गया। इसके बाद रोड़ शो गौशाला चौक, झंडा चौक, खेड़ा बाजार जगाधरी में पहुंचा। जहां पर मुख्यमंत्री ने खेड़ा महाराज के चरणों में अपनी शीश नवाया व सभी आमजन की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। रोड शो विभिन्न मार्गों से होता हुआ अंत में अग्रसेन चौक से होते हुए प्राचीन देवी मंदिर पहुंचा। मुख्यमंत्री ने यहां माता के दरबार में शीश नवाया व सभी की सुख.समृद्धि की प्रार्थना की। रोड़ शो के दौरान रास्ते में पुष्प वर्षा कर लोगों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।





यमुनानगर। रोड शो के दौरान प्राचीन श्रीदेवी मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### भाजपा प्रत्याशियों की जीत तय : सीएम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रोड़ शो के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए दावा जताया कि निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत तय है। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा सरकार की नीतियों और विकास कार्यों से संतुष्ट है। निकाय चुनाव में भाजपा को जबरदस्त जनसमर्थन मिल रहा है। निकाय चुनाव में भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी और हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि यमुनानगर में जब छोटी सरकार बनेगी तो विकास की गति भी तेज होगी और पूरे जिला का विकास होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लोगों को सीधे लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ भाजपा मेयर प्रत्याशी सुमन बहमनी, कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जरए,भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, पूर्व नगर निगम मेयर मदन चौहान, भाजपा नेत्री बंतो कटारिया, भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

---



यमुनानगर। अपने परिजनों के साथ पौधरोपण करते हुए छात्र कृष्णा।

## पौधरोपण कर छात्र कृष्णा ने मनाया 18वां जन्मदिन

- पर्यावरण स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से करवाया सैकड़ो पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

पर्यावरण स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने के लिए कमला नगर के वरिष्ठ समाजसेवी शिव चुन्नी व उनकी धर्मपत्नी श्यामलता ने बेटे कृष्णा के 18वें जन्मदिन पर शहर को हराभरा रखने के लिए जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 15 में पौधारोपण किया। कृष्णा ने अपने जन्मदिन पर चक्रोतिया का पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अन्य किस्म के पौधों का भी रोपण किया गया। मौके पर शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं ग्रीन मैन डॉ. एसएल सैनी मौजूद रहे। समाजसेवी शिव चुन्नी ने बताया कि वह पिछले अठारह वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के तहत अपने बेटे के जन्म दिन पर औषधीय, फलदार व छायादार पौधों का रोपण करवाते हैं। जन्मदिन, शादी-ब्याह, त्यौहार और किसी भी शुभ अवसर पर अगर हम एक पौधा लगाएं तो यह सबसे बड़ा पुण्य का काम है। चुन्नी ने कहा कि दूषित होते पर्यावरण को बचाने के लिए पौधा रोपण ही सबसे बड़ा कार्य है। इसलिए सभी बच्चों को अपने जन्मदिन पर एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। श्याम लता ने बताया कि कृष्णा द्वारा अपने जन्मदिन पर पौधा लगाने की जो परंपरा चला रखी है, वह तारीफ के काबिल है। इससे दूसरे बच्चों को भी प्रेरणा मिलेगी और समाज में पर्यावरण को लेकर अच्छा संदेश जाएगा। कृष्णा का कहना है कि उन्हें जन्मदिन पर पौधारोपण करके पर्यावरण स्वच्छ रखने की प्रेरणा मिलती है।

---

## बच्चों ने नृत्य से किया सबको मंत्रमुग्ध

- स्वराज शिशु निकेतन स्कूल रादौर में धूमधाम से मनाया गया ग्रैंड पेरेंट्स डे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। स्वराज शिशु निकेतन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते नन्हें मुन्ने बच्चे। फोटो : हरिभूमि

स्वराज शिशु निकेतन स्कूल रादौर में शनिवार को ग्रैंड पेरेंट्स डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम में नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा राधा कृष्ण भजन पर नृत्य कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद दादी अम्मा डांस पर नर्सरी कक्षा के बच्चों ने सोलो डांस, नर्सरी के बच्चों ने गुलाबी शरारा पर डांस कर सभी को भाव विभोर कर दिया। वहीं, नर्सरी कक्षा की सृष्टि शर्मा ने सोलो डांस, पहली कक्षा के छात्रों ने तुझ में रब दिखता है पर, एलकेजी कक्षा के छात्रों ने मां ओ मेरी मां गीत पर अपनी प्रतिभा दिखाई।

हर्षिका ने दादा दादी पर एक कहानी सुनाई। यूकेजी के छात्रों ने भांगड़ा डांस करके कार्यक्रम पर चार चांद लगा दिए। बच्चों ने योगा करके शरीर को स्वस्थ रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर दादा जी की प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें सक्षम के दादा जी निर्मल सिंह, दादी जी के खेल में हर्षिका की नानी, कपल गेम में यशमीत व ईशान के दादा दादी, डांस में उमायरा की दादी व आर्यन की दादी ज्ञानो देवी, भजनों में पारस की दादी केला देवी, हेजल की दादी सुरेशो रानी व लविश के दादा जी देवराज ने पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अध्यापिका रेणु शांडिल्य ने कहा कि हमें अपने दादा दादी व नाना नानी का हमेशा सम्मान करना चाहिए और उनसे अच्छी बातें सीखनी चाहिए। उन्होंने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

### खैर के पेड़ काटने के आरोप में 8 पर केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव ताजेवाला के नजदीक जंगल से खेर के पेड़ काट रहे आठ खैर तस्करों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।

पुलिस ने कलेसर बीट के इंचार्ज विकास की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया है। वन विभाग कालेसर बीट के इंचार्ज विकास ने बताया कि 20 फरवरी को वह गांव ताजेवाला के पास टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि गांव ताजेवाला के पास जंगल से तस्कर खैर के पेड़ काट रहे हैं। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचा तो उन्हें आता देखकर आरोपी खैर तस्कर मौके से भाग गए। आरोपियों की पहचान सारदीन उर्फ अनवर, नफला, इरशाद, नसीम, वाजिद, भालू उर्फ बल्लू, सोहेल व साजिद के रूप में हुई।

## अर्थशास्त्र में करियर की अपार संभावनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- डीएवी गर्ल्स कॉलेज में एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित

डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर के अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में शनिवार को करियर इन इक्नोमिक्स विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। जिसमें इक्नोमिक्स एसोसिएशन की रिसर्च असिस्टेंट सृष्टि गाबा ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। कॉलेज प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉ. मीनू जैन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य वक्ता सृष्टि गाबा ने कहा कि अर्थशास्त्र में करियर की अपार संभावनाएं हैं। एमए इक्नोमिक्स की पढ़ाई करने के उपरांत विद्यार्थी केंद्र सरकार की इंडियन इक्नोमिक्स सर्विसिज में अपनी सेवाएं दे सकते हैं। इसके अलावा कॉरपोरेट सेक्टर में भी अर्थशास्त्रियों की खूब डिमांड रहती है। सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में रिसर्च असिस्टेंट भी बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में भी असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हो सकते हैं। नेट परीक्षा पास करने के उपरांत कॉलेज व यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में भी सेवाएं दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी इक्नोमिक्स को डेली लाइफ में इस्तेमाल करते हैं।



यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित एक्सटेंशन लेक्चर में छात्राओं को करियर के बारे में जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि

---

## शिवलिंग प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 25 को : पांडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रादौर की शास्त्री कॉलोनी के वार्ड नंबर दस स्थित शिवमंदिर में 25 फरवरी को दो दिवसीय शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्थानीय लोग मिलकर हवन यज्ञ का आयोजन कर सभी के लिए मंगल कामना करेंगे। शिव मंदिर के पुजारी अवध बिहारी पांडे ने बताया कि 25 फरवरी को महोत्सव के शुभारंभ पर सबसे पहले सुबह 7 बजे मंडल कलश स्थापना की जाएगी। इसके बाद दोपहर ढ़ाई बजे शिवलिंग महाभिषेक और शाम 4 बजे शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भगवान शिव की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।



यमुनानगर। जानकारी देते हुए शिवमंदिर के पुजारी महंत अवध बिहारी पांडे।

## पानी की बचत करना मुख्य उद्देश्य

- अटल भूजल योजना के तहत ब्लॉकस्तर पर साढ़ौरा में कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। साढ़ौरा में आयोजित कार्यशाला में अटल भूजल योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

अटल भूजल योजना के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर साढ़ौरा में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी साढौरा श्याम लाल शर्मा ने की। मौके पर अटल भूजल योजना के द्वारा कराए गए कार्यों की जानकारी दी गई। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी साढौरा श्याम लाल शर्मा ने कहा कि अटल भूजल योजना का मुख्य उद्देश्य पानी की बचत करना है। उन्होंने कहा कि अटल भूजल योजना के तहत तेजी से गिरते हुए भूजल स्तर को रोकना है। उन्होंने अटल भूजल द्वारा ग्राम पंचायत में लगाए गए उपकरण जैसे वर्षा मापी यंत्र जल प्रवाह मीटर और पीजोमीटर के बारे में जानकारी दी गई। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी श्याम लाल शर्मा ने बताया कि आज हमारा भूजल स्तर बहुत ज्यादा नीचे जा चुका है। इसमें सुधार के लिए गिरते भूजल को रोकना होगा तथा इसके रिचार्ज के ऊपर ध्यान देना होगा। इस अवसर पर सीडीपीओ जसविंद्र कौर, ब्लॉक समिति चेयरमैन एसईपीओ भूपेंद्र सिंह, कृषि विभाग से हरपाल सिंह, एसबीएम से ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनीष कुमार, मनरेगा से एबीपीओ विजय संधू, पब्लिक हेल्थ से मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

## मकान से चोरी मामले में दो खरीदारों समेत पांच काबू

- आरोपियों को अदालत में पेशकर पुलिस ने लिया रिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। पकड़े गए तीन चोरों समेत पांचों आरोपी पुलिस हिरासत में।

जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 में करीब ढ़ाई महीने पहले एक घर से नगदी और लाखों रुपये के डायमंड व सोने के गहने चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो सगे भाइयों समेत तीन चोरों व दो खरीददार ज्वैलर्स को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस ने रिमांड पर लिया है। स्पेशल सेल को सूचना मिली थी कि तीन युवक किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में जगाधरी के गुप्ता पैलेस के नजदीक संदिग्ध हालत में घूम रहे हैं। टीम ने दबिश देकर तीनों युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों की पहचान गढ़ी मुंडो निवासी राहुल व नितिन और रोहन के रुप में हुई।

---

### 'नौकरी के रूप में उपलब्ध अवसर' पर व्याख्यान का आयोजन

# छात्र जीवन मनुष्य का सबसे सर्वोच्च समय: मनोज

- मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में आयोजित व्याख्यान में मुख्य वक्ता डॉ. मनोज को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित करते हुए प्राचार्य डॉ. अनिल धवन।

मुकंद लाल नेशनल कॉलेज में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में स्नानतक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए डिग्री प्राप्त करने के बाद सरकारी नौकरी के रुप में उपलब्ध अवसरों विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रुप में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनिल धवन ने की। व्याख्यान में 180 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनिल धवन ने प्लेसमेंट सेल के सभी सदस्यों को बधाई दी व भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियां करवाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर उन्होंने मुख्य वक्ता को स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. नित्या ने सभी का धन्यवाद किया। मौके पर डॉ. मंजीत, डॉ. महेश, डॉ. दलबीर, डॉ. वकील आदि मौजूद रहे।

### विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों पर प्रकाश डाला

मुख्य वक्ता डॉ. मनोज कुमार ने बीए, बीएससी, बीकॉम व स्नातकोत्तर की डिग्री के पश्चात उपलब्ध होने वाले अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मौके पर विभिन्न सरकारी कंपनियों में निकलने वाली भर्तियों एवं उनमें चयन के बारे और ऊर्जा क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों में उपलब्ध रोजगार एवं अवसरों के बारे में जानकारी दी। डॉ. मनोज कुमार ने विद्यार्थियों सरकारी, गैर सरकारी, भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम, बैंको, यूपीएससी, एचपीएससी, एसएससी, एचसीसी, भारतीय रेलवे एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध रोजगार की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। पोस्ट ग्रेजुएशन के विद्यार्थियों को यूजीसी नेट की तैयारी के टिप्स दिए। इसके अलावा उन्होंने वर्तमान दौर में कंप्यूटर, साइबर सिक्योरिटी, डिजिटल मार्किटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, विधि, इसरो, आरबीआई व पत्रकारिता के क्षेत्र के रोजगार के अवसरों पर भी प्रकाश डाला।

## निकाय चुनाव निष्पक्ष करवाएं : राम

- एमएलएन कॉलेज में 750 पीठासीन और वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। एमएलएन कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते हुए पीठासीन व वैकल्पिक पीठासीन अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जिला प्रशासन द्वारा उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में एमएलएन कॉलेज यमुनानगर में 750 पीठासीन और वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्यातिथि जगाधरी के एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी सोनू राम ने पीठासीन और वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों को नगर निगम यमुनानगर जगाधरी व नगर पालिका रादौर आम चुनाव 2025 को जागरूकता,पारदर्शिता, समन्वय व व्यवहारिकता से कराने को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। मौके पर मास्टर ट्रेनर्स ने पीठासीन व वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों को ईवीएम मशीन के बारे में विस्तार से समझाया। मुख्यातिथि जगाधरी के एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी सोनू राम ने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने की दिशा में पहला कदम स्वयं का निष्पक्ष होना जरूरी है। चुनाव में राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव के दौरान कोई भी अधिकारी या कर्मचारी चुनावी ड्यूटी के अलावा किसी भी राजनीतिक गतिविधि में हिस्सा नहीं ले सकता है। यदि वह ऐसा करता है कि उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की होगी।

खबर संक्षेप



## शिविर में 151 लोगों ने उठाया स्वास्थ्य लाभ

**पिहोवा।** नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से शास्त्री कॉलोनी और गुरुनानक कॉलोनी में मेडिकल शिविर लगाया गया। इसमें कॉलोनी वासियों को मेडिकल सेवा का लाभ दिया गया। डॉ. पूर्ण मल ने बताया कि शिविर में 120 मरीजों की ओपीडी जांच की गई। जबकि 31 के लैब टेस्ट हुए। सांसद नवीन जिंदल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि 24 फरवरी को गांव हरिगढ़ भौरख की कश्यप चौपाल में मेडिकल शिविर औरनवीन संकल्प शिविर लगाया जाएगा।

## विद्यार्थियों को वितरित किए सर्टिफिकेट



**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एक सर्टिफिकेट कोर्स के संपन्न होने पर प्राचार्य प्रोफेसर शीश पाल के द्वारा विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट वितरण किए गए। कोर्स में 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें से 33 विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक पूरा किया। कोर्स संयोजक डॉ नंदकिशोर व प्रोफेसर सुमन शर्मा कोर्स के दौरान बच्चों को बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया।

## डॉ. आशीष बेस्ट डॉक्टर इन डायबिटीज अवार्ड से सम्मानित



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केन्द्र के एडमिनिस्ट्रेटर एवं मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष अनेजा को चिकित्सा क्षेत्र में डायबिटीज को लेकर किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए फैलोशिप इन डाइबिटीज एंड बेस्ट डॉक्टर इन डायबिटीज अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह अवार्ड विश्व स्तरीय संगठन इंटरनेशनल डाइबिटीज सोसायटी डायबिटीज इंडिया के तत्वावधान में गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में डायबिटीज इंडिया सोसायटी की भारत इकाई के अध्यक्ष डॉ. बंसी साबू और कई इंटरनेशनल डायबिटीज मेंबर्स द्वारा प्रदान किया गया।

## सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र को नवाजा

**कुरुक्षेत्र।** सतयुग दर्शन संगीत कला केन्द्र को हाल ही में दिल्ली स्थित मुक्तधारा आडिटोरियम में भारत का सर्वोत्तम संगीत विद्यालय के रूप में सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार इन्डिया प्राउड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा संगीत में उत्कृष्टता, गुणवत्ता और शिक्षा के प्रति समर्पण के लिए प्रदान किया गया।

नप थानेसर चुनाव : अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश

# 40 संवेदनशील बूथों पर रहेगी पैनी निगाहें : डीसी

थानेसर नगर परिषद में चेयरपर्सन पद के लिए 32 वार्डों में 108 बूथ बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



नेहा सिंह (उपायुक्त)

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नगर निकाय आम चुनाव 2025 के अंतर्गत नगर परिषद थानेसर में चेयरपर्सन और पार्षद पदों का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए पुख्ता प्रबंध किए है। इस शहर में बनाए गए 108 बूथों में से 40 बूथ संवेदनशील श्रेणी में रखे गए है। इन संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल नियुक्त करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि थानेसर नगर परिषद में चेयरपर्सन पद के लिए 32 वार्डों में 108 बूथ बनाए गए है, जबकि पार्षद पद के लिए 101 बूथ बनाए गए है। इन बूथों में 40 संवेदनशील की श्रेणी में रखे गए है जिनमें थानेसर में संवेदनशील बूथ वार्ड 2 में बूथ 4, 5,6,7 में जनता सीनियर सेकेंडरी स्कूल थानेसर,वार्ड 6 में बूथ नंबर 16,17,18 नवयुग सीनियर सेकेंडरी वशिष्ठ कालोनी, वार्ड 7 में बूथ नंबर 20,21,22, राजकीय प्राईमरी स्कूल लायलपुर बस्ती, गीता निकेतन विद्या मंदिर, वार्ड 10 में बूथ नंबर 29, 30, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल पिपली शामिल है। उन्होंने कहा कि वार्ड 12 में बूथ नंबर 35,36,37 राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल देवीदासपुरा, वार्ड 16 में बूथ नंबर 49,50,51, 52 के लिए राजकीय मिडल स्कूल रतगल, राजकीय मिडल संस्कृति प्राईमरी स्कूल रतगल, वार्ड 19में बूथ नंबर 60,61,62, राजकीय गर्ल्स हाई स्कूल नाथ मंदिर रेलवे रोड, वार्ड 26 में बूथ नंबर 84,85, यूनिवर्सिटी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वार्ड 27 में बूथ नंबर 86 धन्ना भगत पब्लिक स्कूल, वार्ड 28 में बूथ नंबर 90,91, जय भारती पब्लिक स्कूल दीदार नगर, वार्ड 29 में बूथ नंबर 94,95,96,97, धन्ना भगत पब्लिक स्कूल, वार्ड 30 में बूथ नंबर 98,99,100,101, आर्य कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वार्ड 31 में बूथ नंबर 102,103,104,105 में राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल सब्जी मंडी थानेसर को संवेदनशील बूथ की श्रेणी में रखा गया है।


### इस्माईलबाद में 6 बूथ संवेदनशील

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि इस्मालाबाद नगरपालिका में प्रधान पद के उपचुनाव के लिए कुल 13 बूथ बनाए गए है इनमें से 6 बूथ संवेदनशील बूथ के रूप में चिन्हित किए गए है। जिसमें वार्ड 1 यूएचबीवीएन अफिस इस्माइलबाद, वार्ड 2 मार्किट कमेटी इस्माइलबाद, वार्ड 4 शहीद बलबीर सिंह राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल इस्ट साईड, वार्ड 5 शहीद बलबीर सिंह राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल वेस्ट साइड, वार्ड 7 मनीष पपनेजा मैमोरियल सनातन धर्म गर्ल्स कॉलेज इस्माइलाबाद, वार्ड 11 मनीष पपनेजा मेमोरियल सनातन धर्म पब्लिक स्कूल इस्माइलाबाद शामिल है।

# विद्यार्थियों ने किया 38वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले का अवलोकन

- हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, स्टाल, मेले में भीड़ की शॉर्ट रील बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के 28 विद्यार्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने 38वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड हस्तशिल्प फरीदाबाद मेले का शैक्षणिक अवलोकन किया। यह जानकारी देते हुए जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में संस्थान के विद्यार्थियों ने कोर्स के अनुरूप प्रायोगिक कार्यों में प्रतिभागिता की। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने फोटो निबन्ध के तहत सूरजकुंड मेले में ग्रामीण सभ्यता, लोक परम्परा एवं रीति-रिवाजों को लेकर विभिन्न पहलुओं पर फोटो लेकर उनका विस्तृत विवरण तथा कैप्शन लिखा। इसके साथ ही साक्षात्कार में विद्यार्थियों ने मेले में आने वाले व्यापारी, कलाकारों एवं पर्यटकों का साक्षात्कार लेकर हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, स्टाल, मेले में भीड़, विक्रताओं की जिज्ञासा एवं अनुभव की 30 से 60 सेकेंड की शॉर्ट रील बनाने का काम किया। निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक अवलोकन में कोर्स के अनुरूप प्रायोगिक कार्य कर रहे जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी के विद्यार्थियों की प्रतिभा में निखार आएगा तथा वे नवाचार एवं सृजनात्मकता द्वारा अपने भविष्य को सरलता से प्राप्त कर सकते हैं।

## नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को सुनाई कारावास की सजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी धर्मेन्द्र कुमार वासी जिला कुरुक्षेत्र को कारावास व जुर्मानें की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि 20 फरवरी 2024 को थाना लाडवा पुलिस को दी अपनी शिकायत में मुकेश वासी जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसके तीन बच्चे है, जिसमे सबसे बड़ी लडकी की उम्र 12 साल है। 12 फरवरी को समय करीब 8.30 बजे शाम को उसकी लडकी घर के पास दुकान से सामान लेने के लिए गई थी। जब वह घर आई तो उसने बताया कि दुकान के मालिक धर्मेन्द्र ने उसका हाथ पकड़कर उसके साथ छेड़छाड़ व अशील हरकत की तथा उसके साथ गाली गलौज की है। जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक प्रदीप कुमार द्वारा अमल में लाई गई। जांच के दौरान नाबालिग का मेडिकल चैकअप करवाया गया। तफ्तीश के दौरान आरोपी को गिरफ्तार करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। मामले का चालान माननीय अदालत में दिया गया था। मामले की नियमित सुनवाई फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट में करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर आरोपी धर्मेन्द्र कुमार वासी जिला कुरुक्षेत्र को दोषी करार देते हुए पोक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत 4 साल कठोर कारावास व 10 हजार रुपये जुर्माना तथा जुर्माना न भरने की सूरत में 8 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा सुनाई

# ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर होगा विकास : सैनी

- थानेसर के 32 वार्डों में खिलेगा कमल का फूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में 12 मार्च को ट्रिप्पल इंजन की सरकार बन जाएगी। इस ट्रिपल इंजन की सरकार बनने के बाद प्रदेश में तीन गुणा तेज गति के साथ विकास किया जाएगा। इस प्रदेश में भाजपा का ट्रक रिकार्ड जनता के सामने है, भाजपा सरकार ने जो वायदे किए, उन्हें पूरा किया। इस भाजपा सरकार ने हर गांव, हर शहर को विकास के पद पर आगे बढाने का काम किया। जिसके कारण ही प्रदेश के नागरिकों ने भाजपा सरकार को तीसरी बार सेवा करने का मौका दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को सेक्टर 17 में नगर परिषद थानेसर की चेयरपर्सन और 32 वार्डों के भाजपा पार्षद प्रत्याशियों के लिए आयोजित एक विशाल जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने थानेसर नगर परिषद की चेयरपर्सन पद की प्रत्याशी माफी ढांडा के साथ-साथ सभी भाजपा प्रत्याशियों का नाम लेकर लोगों से 2 मार्च को वोट डालने की अपील करते हुए कहा कि थानेसर के लोग जान चुके है कि भाजपा ही लोगों की आशा के अनुरूप विकास कर सकती है। इसलिए थानेसर शहर में विकास की गति को तीन गुणा करने के लिए निश्चित तौर पर 32 वार्डों चेयरपर्सन सहित 33कमल के फूल खिलाने का काम करेंगे।

## नि:शुल्क महिला सिलाई एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स के दाखिले शुरू

**कुरुक्षेत्र।** सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट रजिस्टर्ड की जिला कुरुक्षेत्र इकाई एवं जिला रेड क्रॉस समिति, कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वाधान में रेड क्रॉस भवन, कुरुक्षेत्र में जरूरतमंद महिलाओं के लिए संचालित निशुल्क सिलाई एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में दाखिले के लिए रजिस्ट्रेशन आरंभ हो चुका है और कुछ ही सीट शेष बची हैं । ट्रस्ट के जिला प्रधान गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि मैनेजिंग ट्रस्ट्री डॉ एसपी सिंह ओबेरॉय (दुबई) के उद्यम एवं कुशल नेतृत्व, राष्ट्रीय प्रधान स. जस्सा सिंह के मार्गदर्शन एवं शिक्षा निदेशक डॉ इंद्रजीत कौर गिल के सुयोग्य निर्देशन में संचालित यह दोनों कोर्स छह-छह महीने के हैं। सिलाई प्रशिक्षण कोर्स में वे महिलाएं दाखिला ले सकती हैं जो थोड़ा बहुत हिंदी पढ़ना लिखना जानती हैं।

# कुरुक्षेत्र जिला बार एसोसिएशन चुनाव में प्रधान पद पर होगा सीधा मुकाबला

- 28 फरवरी को होगा चुनाव, धर्मेंद अत्री तथा सहदेव राधन में सीधा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता केके कौशिक।

कुरुक्षेत्र जिला बार एसोसिएशन के चुनाव आगामी 28 फरवरी को होने जा रहे हैं। चुनावों की प्रक्रिया के चलते उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी आबंटित किए गए। बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी तथा वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण कौशिक ने बताया कि अब एसोसिएशन के प्रधान पद के लिए खड़े उम्मीदवारों धर्मेंद अत्री तथा सहदेव राधन में सीधा मुकाबला होगा। जबकि उपाध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला होने जा रहा है। इस पद पर राजेश मवुआल, सतपाल सिंह तथा सौरव शर्मा खड़े हैं। जरनल सैक्रेटरी के पद पर भी आलोक शर्मा और संजीव धवन में सीधा मुकाबला होगा। जबकि सह सचिव पद पर खुशविन्द्र वशिष्ठ एवं विक्रांत कुमार जांगड़ा में सीधा मुकाबला होगा। कैशियर के लिए अखिल चौहान, जयदीप रंगा तथा पियुश गोयल में त्रिकोणीय मुकाबला है। जबकि महिला एग्जीकयूटिव सदस्य के लिए गुंजन, रमणीक कौर, पूनम मालन तथा वैशाली बंसल में मुकाबला है। एसोसिएशन के चुनाव के लिए बनाए गए एआरओ सुमेर कैरो ने बताया कि चुनाव में कूल 1541 वोट हैं। सपलीमेंटरी लिस्ट में 24 सदस्य हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस बार 200 से अधिक युवा मतदाता हैं। मतदान के लिए दो बूथ बनाए गए हैं।




## युवा आत्मविश्वास एवं दृढ़संकल्पता के साथ नवाचार एवं उद्यमिता की ओर बढे.: डॉ. वीरेन्द्र

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में आयोजित स्टार्टअप सक्सेस वातार्लाप के दूसरे दिन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि युवा आत्मविश्वास एवं दृढ़संकल्पता के साथ नवाचार एवं उद्यमिता की ओर बढे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए केयू में दो इंक्यूबेशन सेंटर, कुटिक केन्द्र सहित रोजगार सृजन केन्द्र को बनाया गया है। कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय की नवाचार को प्रोत्साहित करने और शैक्षणिक ज्ञान को वास्तविक व्यापारिक चु नौतियों से जोड़ने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने केयू युवा छात्रों द्वारा नवाचार एवं व्यवसायिक उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले भविष्य के नवाचारकों और का मार्ग भी प्रशस्त करता रहेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व प्रो. सिद्धार्थ भारद्वाज ने पहले दिन की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। वहीं डॉ. सलोनी पवन दीवान ने वातार्लाप के सार संक्षेप को प्रस्तुत किया और इसे भविष्य के उद्यमियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। फाइंडॉक के कार्यकारी निदेशक, नितिन शाही ने स्टार्टअप्स के लिए वित्तीय रणनीतियों और निवेश योजना पर अपनी विशेषज्ञता साझा की।

# लोगों की आशा के अनुरूप शाहबाद के शहर और गांव का होगा विकास: चिनार

- एसडीएम डा .चिनार चहल ने शहर का किया औचक निरीक्षण
- शहर को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



उपमंडल अधिकारी नागरिक शाहबाद डा. चिनार चहल ने कहा कि शाहबाद मारकंडा के गांव और शहर का विकास लोगों की आशा के अनुरूप किया जाएगा। इस शहर के सौन्द्रर्यकरण और उपमंडल का विकास करने के लिए लोगों की फीडबैक ली जाएगी। इतना ही नहीं लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निवारण किया जाएगा। एसडीएम डा. चिनार चहल शहर के नागरिकों से बातचीत कर रही थी। इससे पहले लोगों से मिली फीडबैक के आधार पर एसडीएम डा. चिनार चहल ने नगरपालिका के अधिकारियों को साथ लेकर शहर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राइवेट बसों की पार्किंग, शहर की पार्कों, लेबर चौक की समस्या, शहर में विभिन्न जगहों पर सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के साथ-साथ लाडवा बराडा चौक पर होने वाले विकास कार्यों, नाले की रिपेयर और मेन हॉल को ढकने के लिए अधिकारियों को मौके पर ही कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि शहर से लोगों की आशा के अनुरूप अतिक्रमण हटाया जाएगा। जहां-जहां भी गंदगी है उन स्थलों को स्वच्छ बनाया जाएगा। इतना ही नहीं जहां-जहां विकास कार्य अधूरे पडे है उन विकास कार्र्यो को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। शहर को स्वच्छ बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे और प्राइवेट बस संचालकों को निर्देश दिए गए है कि निर्धारित स्थान पर ही बसों की पार्किंग करे अगर आदेशों की अवहेलना हुई तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने रेहड़ी संचालकों से अपील की है कि निर्धारित स्थल पर ही रेहड़ी को खडा करे।



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में मौजूद यूनियन से संबंधित कर्मचारी।

## मेवा राम तीसरी बार बने यूनियन के जिला प्रधान

**कुरुक्षेत्र।** मनरेगा मजदूर यूनियन जिला कुरुक्षेत्र इकाई का पांचवां सम्मेलन स्थानीय शहीद मदनलाल ढींगरा पार्क नजदीक पुराना बस अड्डा में संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला प्रधान मेवा राम बारना ने की। सम्मेलन में ब्लॉक थानेसर, पेहवा व इस्माईलाबाद के विभिन्न गांवों के यूनियन के सदस्यों ने भाग लिया। सर्वप्रथम जिला सचिव नरेश कुमार ने यूनियन द्वारा गत दो वर्षों में किये गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि यूनियन ने जिला के विभिन्न गांवों में मजदूरों को काम दिलवाने के लिए संघर्ष किया है। मनरेगा सरपंचों व मेटों द्वारा मजदूरों के साथ की जा रही हेराफेरी का पदार्फाश किया है। बोधनी गांव मेट द्वारा अपने परिवार के सदस्यों की फर्जी हाजरी लगाये जाने का कड़ा विरोध किया। इस गांव के सरपंच ने भ्रष्ट मेट का साथ दिया है। यूनियन अब भी इस मामले को लेकर संघर्ष कर रही है। सम्मेलन के अध्यक्ष मेवा राम ने कहा कि मनरेगा जॉबकार्ड की एक प्रति मजदूर को मिलनी आवश्यक है परंतु मिजार्पुर, बोधनी, सलपाणी कलां, लुक्खी, कमोदा आदि गांवों में मजदूरों को जाबकार्ड नहीं दिये जा रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि मृतक मनरेगा मजदूरों के परिवारों को कम से कम 25 लाख रुपए आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। महंगाई आसमान छू रही है मगर मनरेगा मजदूरी बढ़ाई नहीं जा रही है।



## एनआईटी कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभागए एनआईटी तक हाइब्रिड मोड में स्मार्ट ग्रिड एनर्जी सिस्टम और कंट्रोल पर तीसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। यह सम्मेलन शिक्षाविदों, प्रौद्योगिकीविदों, उद्यमियों और अनुसंधान विद्वानों के लिए हरित और टिकाऊ ऊर्जा के विकसित क्षेत्रों में अपने दृष्टिकोण और शोध निष्कर्षों को साझा करने के लिए एक मूल्यवान मंच के रूप में कार्य करता है। डॉण सथंस और डॉण अश्वनी कुमार सम्मेलन के सामान्य अध्यक्ष हैं और डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. प्रदीप कुमार और डॉ. अमित सम्मेलन के आयोजन सचिव हैं। उद्घाटन समारोह में एनपीटीआई फरीदाबाद की महानिदेशक प्रोण तृप्ता ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में और डॉ. आरके शर्मा डीन रिसर्च एंड कंसल्टेंसी एनआईटी कुरूक्षेत्र विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ. प्रदीप कुमार ने सभी प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया। सम्मेलन का एक सिंहावलोकन प्रदान करते हुए प्रोफेसर सैथंस ने तीन दिनों के दौरान 64 पत्रों की प्रस्तुति के साथ 12 सत्रों की अनुसूची की घोषणा की। सत्र में ऊर्जा प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जाए जैव ईंधन, जैव ऊर्जा, तापीय ऊर्जा, हरित भवन आदि से लेकर ऊर्जा से संबंधित सभी पहलुओं को शामिल किया गया।

कार्यक्रम | प्रोफेसर कॉलोनी नरकातारी रोड़ थानेसर में चल रही सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा का चौथा दिन

# गौ, ब्राह्मण, नारी और धर्म की रक्षा हमारा परमधर्म : सौम्या

- साध्वी सुश्री सौम्या भारती ने प्रभु कथा का रस पान कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** दीप प्रज्जवलित करते अतिथिगण।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा प्रोफेसर कॉलोनी नरकातारी रोड़ थानेसर में चल रही सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा के चौथे दिन दिव्य गुरु श्रीआशुतोष महाराज की शिष्या भारत विख्यात भागवत भास्कर साध्वी सुश्री सौम्या भारती ने प्रभु कथा का रस पान कराया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण जी अपने ग्वाल सखो के साथ खेलते हुए खेल ही खेल में उनका मार्ग दर्शन करते रहे। जैसे माखन चुरा कर मानो कह रहे हो कि संसार में माया का नही, अपितु ईश्वर रूपी सार का चयन करो। जिन्होने अपनी शरण में आने वाले भक्तो को भक्ति का सन्देश तो दिया, साथ ही साथ अधर्म से लड़ने की प्रेरणा भी दी कि किस प्रकार से अपने देश की सम्पत्ति की रक्षा करनी है। गौ, ब्राह्मण, नारी और धर्म की रक्षा तुम्हारा परमधर्म है। स्वयं गौ चराने का कार्य करके सभी भक्तो को गौ सेवा का संदेश दिया। गौ जिसे हमारे शास्त्रों में मां का दर्जा दिया गया है। जैसे पृथ्वी माता हमें धारण करती है, जन्मदात्री माता हमें जीवन देती है, वैसे ही गौमाता भी अपने दूध के द्वारा हमारा जीवन भर पोषण करती है। इसलिए गौमाता को पूजनीय माना जाता है। गौपूजन के पीछे कोई रूढ़िवादिता या अंधविश्वास नहीं है। सांस्कृतिक कारण होने के साथ-साथ कुछ वैज्ञानिक तथ्य भी इसके साथ जुडे हुए हैं। गौ के दूध में नाईटरोजन तत्त्व, विटामिन और धातु तत्त्व होते हैं, जो हमारे शरीर के लिए लाभकारी हैं। श्रीकृष्ण जी के आदर्श पर चलने के लिए उन्हे जानना आवश्यक है। जो एक सद्गुरू की कृपा से ही सम्भव है, इसलिए हम सब को भी अपने जीवन में एक ऐसे पूर्णगुरू की आवश्कता है। जो श्रीकृष्ण जी का दर्शन हमारे घट मे करवा दे। इस अवसर पर मदन मोहन छाबरा चेयरमैन 48 कोस तीर्थ मॉनिटरिंग कमेटी कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, अभिषेक सिंह सहकारिता मंत्रालय, पवन शर्मा प्रधान ब्राह्मण सभा हरियाणा, शाम लाल ब्राह्मण सभा प्रधान, जोधा राम तहसीलदार, बलकार सिंह नायब तहसीलदार व महेश तलवाड़ चेयरमैन कैंब्रिज वर्ल्ड स्कूल आदि विशेष तौर पर पहुंचे। कथा के अंत में प्रभु की पावन आरती का गायन किया गया कथा का रस पान कर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।

### गोमूत्र में 200 बिमारियों को शमन करने की शक्ति

गौ के मूत्र मे 200 प्रकार की बिमारियों का शमन करने की शक्ति है और गोबर का लेप रेडियो विकिरण के प्रभाव को रोकता है, किन्तु इतना लाभ देने वाली गौ मां के साथ मानव अमानवीय व्यवहार करने लगा है। जिस का प्रमाण है दुनिया भर में लाखों बूचड़खाने, जिनमें नित नई-नई मशीनें पहुंच रही हैं। ऐसी आधुनिक मशीनें जो एक मिनट में लाखों जानवरों को मौत के घाट उतार देती है, फिर इन पशुओं के मांस, चमड़े, तेल, हड्डियों, आंतों, बालों, दातों, गुर्दे की झिल्ली आदि से दवाईयां, सौन्दर्य प्रसाधन, सजावट की वस्तुएं, बैग, कोट, जूते, बैल्ट और न जाने क्या क्या बना कर बेचा जाता है। आज इन्सान पशुओ को मार कर अरबपति बनना चाहता है, लेकिन उसका यह लालच उसे ले डूबेगा। कुदरत का दोषी बना देगा, जिसका वह उसे भयंकर दण्ड देगी। इसलिए आज गौ मां पर हो रहे इन अत्याचारो को रोकने के लिए हम सभी को एकजुट होने की आवश्यकता है। एक होकर ही हम अपनी संस्कृति के मान बिद्धुओ की रक्षा कर पाएगे और एक तभी हो सकते ,है जब श्रीकृष्ण जी को जान लेगे।

## खबर संक्षेप

### बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरूः अजय सिंह

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शनिवार को लेट मुकेश आनंद मेमोरियल बैडमिंटन स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित हरियाणा स्टेट मास्टर्स/वैटर्नस बैडमिंटन चैंपियनशिप का उद्घाटन किया। उन्होंने इस मौके पर बैडमिंटन खेलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इससे पहले यहां पहुंचने पर बैडमिंटन एसोएशिन के पदाधिकारियों व अन्य सदस्यों ने मुख्य अतिथि उपायुक्त अजय सिंह तोमर व वशिष्ठ अतिथि ललित जैन को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी जितेंद्र कुमार उर्फ काला को गिरफ्तार किया है। गांव खुड्डा के आसिफ अली शिकायत दर्ज करवाई थी कि 27 जनवरी 2023 को सुभाष पार्क से आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### सट्टा खेलने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी क्षेत्र से सार्वजनिक स्थान पर सट्टा/जुआ खेलने के मामले में पुलिस ने आरोपी अरूण कुमार को सट्टा खेलने के मामले में काबू कर 3050 रुपये बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत केस भी दर्ज किया है। इसी आधार पर रेड कर उसे काबू किया गया।

### 4.86 ग्राम डोडा चूरा पोस्त जब्त

**अंबाला।** थाना बराड़ा क्षेत्र के अनाज मंडी के पास से सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी विष्णु दत्त को 4 किलो 86 ग्राम डोडा चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विष्णु दत्त को भी तीन दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईए-शहजादपुर को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। सूचना थी कि आरोपी मंडी मोड़ के पास मादक पदार्थ सहित बाइक पर गुजरेगा। इसके बाद पुलिस ने अनाज मंडी के पास मोटर साइकिल सवार संदिग्ध व्यक्ति को काबू कर उसकी विधिपूर्वक तलाशी ली तो उसके कब्जे से 4 किलो 86 ग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद किया। आरोपी की पहचान विष्णु दत्त के तौर पर हुई जोकि गुरदेव मोहल्ला का है।

## अंबाला नगर निगम की मेयर के चुनाव में दोनों पार्टियों ने झोंकी पूरी ताकत

# एकजुटता से प्रचार ने बदली सियासी हवा, भाजपा-कांग्रेस में कड़ी हुई टक्कर

*विधायक शैली चौधरी ने भाजपा पर साधा निशाना कहा भाजपा राज में सफाई, एनडीसी व एनओसी जैसी समस्याएं बनी कैंसर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कांग्रेस की एकजुटता से अब अंबाला शहर नगर निगम की मेयर के चुनाव की तस्वीर बदलती दिख रही है। कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला की जीत के लिए अब तमाम बड़े कांग्रेसी नेता मैदान में डट गए हैं। शनिवार को कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष चौधरी रामकिशन की पत्नी एवं विधायक शैली चौधरी ने चावला के प्रचार की कमान संभाली। उन्होंने कई नुक्कड़ सभाओं के जरिए अमीषा चावला की जीत के लिए दम भरा। आने वाले दिनों में स्टार प्रचारकों के मैदान में आने के बाद अंबाला शहर की सियासी फिजा पूरी तरह से बदलने की बात कही जा रही है।

**शैली ने भाजपा पर बोला हमला**

नारायणगढ़ से विधायक शैली चौधरी ने शनिवार को अंबाला शहर में कई नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने वार्ड नंबर 15, शक्ति कॉलोनी, जंडली में मेयर पद के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला के लिए वोट की अपील की। इस दौरान उन्होंने सत्ताधारी भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विकास का दम भरने वाली भाजपा सरकार के राज में भय व भ्रष्टाचार चरम पर है। खासकर शहरी एरिया में सफाई एनडीसी व एनओसी जैसी समस्याएं जनता के लिए कैंसर बन गई हैं। उन्होंने कहा अब निकायों से भाजपा के राज को जड़ से उखाड़ने का समय आ गया है।

**जत्थेदार भी भर रहे जीत की हुंकार**

अंबाला शहर के विधायक एवं सियासी हल्कों में जत्थेदार के नाम से मशहूर चौधरी निर्मल सिंह भी चावला की जीत के लिए खूब पसीना बहा रहे हैं। इसके साथ ही शनिवार को पूर्व विधायक जसबीर मलौर व पूर्व विधायक चौधरी लहरी सिंह ने भी कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला के लिए वोट मांगे। उन्होंने डोर टू डोर भी प्रचार किया। इन नेताओं ने 2 मार्च को कांग्रेस के समर्थन में मतदान करने के लिए जनता से भी अपील की।



अंबाला। कपड़ा मार्केट में प्रचार करती कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला। फोटो : हरिभूमि

### नए युग की होगी शुरूआत

प्रचार के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला भी विरोधियों पर खूब दहाड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि अंबाला शहर की जनता के आशीर्वाद से हम एक नए युग की शुरुआत करेंगे। इसमें विकास, पारदर्शिता और जनहित सर्वोपरि होगा। हमारा उद्देश्य है कि अंबाला को एक सशक्त, समृद्ध और आधुनिक शहर बनाया जाए।जनसंपर्क अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। शनिवार को अमीषा चावला ने बस स्टैंड से कपड़ा मार्केट तक डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान का आयोजन किया गया। कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी अमीषा चावला के नेतृत्व में यह अभियान जनता से संवाद स्थापित करने और आगामी चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील के लिए किया गया। जनता और व्यापारियों का भारी समर्थन देखकर यह स्पष्ट है कि अंबाला में बदलाव की लहर चल रही है। कांग्रेस पार्टी अंबाला को एक नए विकास पथ पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है और जनता का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। अभियान में हिम्मत सिंह, , देवेंद्र वर्मा, निगम सदस्य मिथुन वर्मा, कुलदीप सिंह (गुल्लू), विनोद धीमान, बबल सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। इस दौरान कपड़ा बाजार के व्यापारियों ने भी कांग्रेस पार्टी को अपना पूर्ण समर्थन दिया।

*छावनी में भाजपा के पक्ष में माहौल क्लीन स्वीप करेगी पार्टी*

## विज ने भाजपा उम्मीदवारों को दिया जीत का मंत्र, बोले-हार के डर से कांग्रेस चुनाव से भागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन मंत्री अनिल विज ने शनिवार को नगर परिषद चुनाव में अध्यक्ष समेत सभी 32 उम्मीदवारों को जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि छावनी में भाजपा के पक्ष में माहौल है। चुनाव में भाजपा क्लीन स्वीप करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है। वे स्वयं छावनी से भाजपा विधायक हैं। यदि नगर परिषद में भाजपा की अध्यक्ष व नप सदस्य होंगे तो विकास की मशीनरी एक साथ तेजी से चलेगी। विज ने सभी भाजपा प्रत्याशियों के साथ केंद्रीय चुनाव कार्यालय में संयुक्त बैठक की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे सभी उम्मीदवार पूरी तरह से उत्साहित हैं। बैठक में फीडबैक ली गई है। हमें पूरा विश्वास है कि नगर परिषद अम्बाला छावनी चुनाव में हम क्लीन स्वीप करने जा रहे है। उन्होंने कहा भाजपा के डर से कांग्रेस अपनी लिस्ट जारी करने की हिम्मत तक नहीं कर सकी। मैदान में उतरी ही नहीं। कांग्रेस ने अभी से भाजपा को विजय मान लिया है। कुछ इक्का-दुक्का आजाद प्रत्याशी खड़े हैं। इस दौरान दौरान अध्यक्ष पद प्रत्याशी स्वर्ण कौर, चुनाव संयोजक संजीव सोनी ओम सहगल, जसबीर जस्सी, मदनलाल शर्मा, राजीव गुप्ता, सुरेंद्र बिंद्रा, राजीव गुप्ता, विजेंद्र चौहान, किरण पाल चौहान, अजय बवेजा, बीएस बिंद्रा, नरेंद्र राणा भी मौजूद थे।

**उम्मीदवारों से बातचीत करते मंत्री अनिल विज**



### चुनाव को लेकर हुई रेंडामाइजेशन

**अंबाला।** नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर की अध्यक्षता में शनिवार को उनके कार्यालय के सभागार में द्वितीय रेंडामाइजेशन के दौरान पोलिंग पार्टियों को ट्रेनिंग दी गई। । इस मौके पर सामान्य पर्यवेक्षक डा. सरिता मलिक, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अंबाला छावनी विनेश कुमार व नगर निकाय चुनाव में खड़े प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस पूरी प्रक्रिया की बकायदा वीडियोग्राफी भी करवाई गई।

## कांग्रेस ट्विट करने वाली पार्टी, हम जनता के लिए जमीनी स्तर पर करते हैं काम

*सीएम सैनी ने पार्टी प्रत्याशी के लिए जनता से वोट की अपील की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

सीएम नायब सैनी ने शनिवार को नपा चुनाव में अध्यक्ष पद के मैदान में उतरे पार्टी प्रत्याशी सरदार हरजिन्द्र सिंह के पक्ष में प्रचार किया। लोगों से नुक्कड़ सभा के जरिए वोट मांगे। सैनी ने इस मौके पर कहा कि आप लोग तो केवल भाजपा के प्रत्याशी हरजिन्द्र सिंह को वोट देकर विजयी बनाए, बाकी यहां के विकास कार्यों की जिम्मेदारी मेरे ऊपर छोड़ दो। सीएम ने कांग्रेस पार्टी पर वार करते हुए कि कांग्रेस तो अब केवल टवीट् करने वाली पार्टी बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोग घर बैठकर टवीट् कर सोचते है कि हमारा तो काम चल गया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव के उज्जवल भविष्य का चुनाव है, यह विकास का चुनाव है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव यह तय करेगा कि बराड़ा किस गति से विकास की ऊचांईयों को छुएगा। उन्होंने कहा कि हमारे पीएम नरेंद्र मोदी विकसित भारत की बात करते है और वह इसको लेकर दिन-रात लगे हुए हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को कहा कि हमारी पार्टी के पास गति से काम करने की योजना, नीति व स्पष्ट विजन भी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले एक ही क्षेत्र का विकास होता था हमने इसे बदला। हमने युवाओं की नौकरी की राह में बाधा बने विपक्ष को आईना दिखाया और शपथ से पहले ही बेरोजगारों को ज्वाइनिंग लेटर दिए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 100 दिन में 240 वादों में से 18 वादे पूरे किए। उन्होनें कहा कि यह भाजपा की सरकार है, जो हम बोलते है, उस काम को हम सौ प्रतिशत पूरा करते है। उन्होंने कहा कि हमने बजट बनाने पर काम कर दिया है, बजट योजना बनते ही महिलाओं को 2100 रूपये मिल जाएंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही लोगों को सौ-सौ गज के प्लाट दिए



बराड़ा। कार्यक्रम में भाषण देते हुए सीएम नायब सैनी

## पीडब्लूडी इंजी. ने पीडब्लूडी कांट्रेक्टर को हराया



**पंचकूला।** पी डब्लू डी इंजीनियर और पी डब्लू डी कांट्रेक्टर के बीच हुए क्रिकेट मैच में पी डब्लू डी इंजीनियर ने 77 रनों से जीत लिया। रामगढ़ के मोहित ग्राउंड में हुए मुकाबले में कार्यकारी अभियंता आशीष चौहान की टीम ने पहले टॉस जीत कर खेलना शुरू किया और टीम ने 8 विकेट गंवाकर 212 रन का स्कोर खड़ा किया। इसमें परमिल ने 34 बॉल पर 55 रन, कलम ने 28 और सुनील ने 27 रन बनाए। प्रशांत ने चार ओवर में 48 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके मुकाबले पी डब्लू डी कॉन्ट्रैक्टर की टीम प्रशांत शर्मा कैप्टन के नेतृत्व में निर्धारित 20 ओवर में 135 रन पर पूरी टीम सिमट गई। इसमें अजय ने 37, अनिल ने 26 रन बनाए। सुनील ने चार ओवर में 15 रन देकर दो विकेट लिए, आशीष चौहान ने चार ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिए। इस प्रकार पी डब्लू डी इंजीनियर टीम विजई हुई।

## स्वामी दयानंद जन्म जयंती पखवाड़े के तहत छात्रों ने निकाली भव्य शोभायात्रा

हरभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल में शनिवार को स्वामी दयानंद जन्म जयंती पखवाड़े के अंतर्गत भव्य शोभायात्रा एवं भावपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं समर्पण की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वामी दयानंद के विचार हमें राष्ट्र, समाज और पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराते हैं। उनकी शिक्षाओं का अनुसरण कर ही हम सशक्त और समृद्ध समाज की स्थापना कर सकते हैं। इस शोभायात्रा में विद्यार्थियों ने स्वामी दयानंद के साथ उनके प्रखर शिष्य महात्मा हंसराज, पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी, रामप्रसाद बिस्मिल और लाला लाजपत राय की भूमिका निभाते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। झांकी के माध्यम से आर्य समाज और वेदों का जयघोष करते हुए, विद्यार्थी दयानंद के सैनिक बनकर विद्यालय के प्रार्थना सभागार से मुख्य द्वार से बाहर तक शुभ संदेश देते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस भव्य झांकी का निर्देशन मंजू सचदेवा के मार्गदर्शन में किया गया, जिसने स्वामी दयानंद की विचारधारा को जीवंत कर दिया। इसके साथ ही विद्यालय के प्रार्थना सभागार के मंच पर विद्यार्थियों द्वारा शिक्षिका माधुरी शर्मा द्वारा निर्देशित एक नुक्कड़ नाटिका का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया गया। पर्यावरण संरक्षण को केंद्र में रखकर तैयार की गई इस नाटिका में विद्यार्थियों ने स्वामी दयानंद की शिक्षाओं पर अमल करने का संदेश दिया तथा 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ' के संकल्प के माध्यम से समाज को जागरूक किया।



स्वामी दयानंद जन्म जयंती पर छात्रों द्वारा निकाली गई शोभायात्रा।



नारायणगढ़। खिलाड़ी छात्राओं से वार्ता करते जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा।

### खेल उत्सव में छात्रों ने दिखाया दम, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी छात्रों ने मचाई धूम

**नारायणगढ़।** शनिवार को पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पतरेहड़ी में खेल, सांस्कृतिक एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा व जिला खंड शिक्षा अधिकारी ज्योति रहे। विद्यालय के मुखिया दीपा कौशिक, गांव के मौजूद व्यक्ति, विद्यालय स्टाफ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। विद्यालय में बच्चों ने खेलकूद में भाग लेते हुए विद्यालय के खेल प्रांगण में दौड़, रिले दौड, लॉन्ग जंप, खो खो और वॉलीबॉल जैसे खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने हरियाणवी लोकगीतों पर नृत्य किया, रागिनी और गीतों से सब का मन मोह लिया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों को प्रेरित किया गया और बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए सभी बच्चों को पुरस्कार दिए और इस तरह के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए कहा। और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यालय में अनिवार्य हैं। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।



नारायणगढ़। मेधावी छात्रा सानिया के साथ प्रधानाचार्या व शिक्षक।

### चार साल तक मेधावी छात्रा को मिलेगी स्कॉलरशिप, मुखिया ने किया सम्मानित

**नारायणगढ़।** सीआरसी लाहा की मुखिया प्रधानाचार्य मंजू ने मेधावी छात्रा सानिया को किया सम्मानित है । राजकीय माध्यमिक विद्यालय खानपुर राजपूताना की आठवीं कक्षा की छात्रा सानिया को राष्ट्रीय साधन सह योग्यता परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर शिक्षा विभाग की ओर से आगामी चार वर्ष की शिक्षा प्राप्त करने के लिए स्कॉलरशिप दी गई है। सानिया को आगामी शिक्षा प्राप्त करने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से आगामी चार वर्ष तक प्रति वर्ष 12 हजार रुपए दिए जाएंगे। प्रधानाचार्य मंजू ने मेधावी छात्रा सानिया को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने सानिया को आगामी शिक्षा ग्रहण करने के लिए हर तरह की मदद करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्याध्यापक सुरेन्द्र धीमान, पूर्ति मिश्रा, दीपक वालिया, रीना देवी, कविता गर्ग, शशि बाला भी मौजूद रही।

**धर्म कर्म** | पिलखनी गांव में महाशिवरात्रि पर आयोजित हुआ धार्मिक कार्यक्रम

## भगवान शिव सभी मनुष्यात्माओं के आराध्य

हरभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में पिलखनी गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने कहा शिवलिंग किसी एक विशेष धर्म के लिए आराध्य-प्रतीक नहीं बल्कि परमात्मा तो सर्व मनुष्यात्माओं का चाहे वह किसी भी धर्म, वर्ण अथवा कर्म से संबंधित हो, सभी का आराध्य है। परमात्मा के संबंध में विभिन्न धर्मों में प्रचलित 'नूर", 'डिवाइन लाइट' , 'ओंकार' और '"ज्योर्तिस्वरूप' भाषा के स्तर पर ही भिन्न हैं। भाव अर्थात स्वरूप के स्तर पर नहीं। जिस प्रकार "शिव' शब्द का आध्यात्मिक अर्थ "कल्याणकारी होता है उसी प्रकार दार्शनिक दृष्टिकोण से रात्रि शब्द 'अज्ञानता, पापाचार और बुराइयों' का प्रतीक है । अतः शिवरात्रि अर्थात घोर तमोप्रधान धर्मग्लानि के समय लोक कल्याणार्थ परमपिता परमात्मा शिव के अवतरण का यादगार पर्व। जब इस संसार में धर्म का स्थान कर्मकांड , कर्म का स्थान आडंबर ले लेता है। संसार में चारों ओर पापाचार, अनाचार और भ्रष्टाचार का ही पाप लोगों के सिर पर चढ़कर बोलने लगता है तो वही काल परमात्मा शिव के अवतरण का समय होता है। फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी आत्माओं के अज्ञान-अंधकार अथवा आसुरी गुणों की पराकाष्ठा का प्रतीक है। इसके पश्चात शुक्ल पक्ष परमात्मा शिव द्वारा "ईश्वरीय ज्ञान' और 'योग' द्वारा पवित्र और सुख-शान्ति संपन्न नई सृष्टि के प्रारम्भ का प्रतीक है। वर्तमान सृष्टि के कालखंड में तमोप्रधानता और अज्ञानता अपनी चरम सीमा के अन्तिम छोर पर पहुंच चुकी है। चारों ओर पांच विकारों का हाहाकार एवं घमासान मचा हुआ है। धर्म सत्ता, कर्तव्य-विमुख हो चुकी है। राज सत्ता, पथ भ्रष्ट और कर्म-भ्रष्ट हो चुकी है। विज्ञान सत्ता, विनाश की ओर कदम बढ़ा चुकी है। चारों ओर अंधकार ही अंधकार है। दिन के प्रकाश में भी बुराइयों और अज्ञानता रूपी रात्रि का चारों ओर साम्राज्य छाया हुआ है। यही घोर अज्ञानता रूपी रात्रि में परमात्मा शिव के अवतरण का समय है। वर्तमान समय में परमपिता परमात्मा शिव अवतरित होकर अज्ञानता के विनाश और नई सतयुगी दुनिया की स्थापना का दिव्य कर्म कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान शिव ध्वजारोहण किया गया।



अंबाला। पिलखनी गांव में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बीके बहनें व ग्रामीण।

## एनएसएस शिविर: छात्रों ने मचाया धमाल वेस्ट मेटिरियल से तैयार किए गमले

हरभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। शिविर के अंतिम दिन की शुरुआत एनएसएस गीत से हुई, जिसके बाद कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार के नेतृत्व में सभी वॉलंटियर्स ने वेस्ट मटेरियल से गमले तैयार किए। इस अवसर पर जिला एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक अंबाला विजय कुमार एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें वॉलंटियर्स ने बढ़-चढक़र भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारा देहरा के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार तोमर रहे, जिन्होंने सभी वॉलंटियर्स को प्रेरित किया। इस मौके पर वॉलंटियर अनुष्का चौहान ने कविता के माध्यम से शिविर की विभिन्न गतिविधियों का वर्णन किया, जबकि निशा ने एनएसएस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए भाषण दिया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ जिसमें अनुष्का चौहान, नाजय़ा, हिमानी, शिवांशी और साक्षी ने नृत्य प्रस्तुत किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005